भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3190

उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2026

केरल के मलप्पुरम जिले में प्रधान डाकघर भवनों का निर्माण

3190. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केरल के मलप्पुरम जिले में निम्नलिखित प्रधान डाकघरों, अर्थात् मलप्पुरम, मंजेरी, पोन्नानी और तिरूर प्रधान डाकघरों के भवनों के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की हैं;

(ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रत्येक प्रधान डाकघर के लिए स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या उक्त प्रधान डाकघरों के निर्माण के प्रारंभ और पूर्ण होने के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो देरी के क्या कारण हैं और सरकार द्वारा कार्यों को शीघ्र शुरू करने और पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) जी, हां। उपर्युक्त प्रत्येक प्रधान डाकघर हेतु स्वीकृत धनराशि और प्रस्तावित निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	प्रधान डाकघर परियोजना का नाम	2025-26 में स्वीकृत धनराशि (रुपए में)	स्थिति
1.	मलप्पुरम	0	निर्माण पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं
2.	मंजेरी	0	निर्माण पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं
3.	पोन्नानी	1,48,000	निविदा आमंत्रण सूचना जारी कर दी गई है।
4.	तिरुर	10,00,000	निविदा आमंत्रण सूचना जारी कर दी गई है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) किसी भी प्रकार की देरी नहीं हुई है और इन कार्यों को सभी संहितागत औपचारिकताओं और संबंधित समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए पूर्ण किया जाएगा।

****